खुलासा सब्जी मंडी स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी का पुलिस कंट्रोल रूप में एसपी ने किया खुलासा

तीन आरोपी गिरफ्तार, लाखों के मोबाइल बरामद

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत सब्जी मंडी स्थित एक दुकान से लाखों रूपए मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को धरदबोचा है। आरोपियों से पुलिस ने लगभग साढ़े तीन रूपए कीमत के 20 मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस कंट्रोल रूम में बुधवार को आयोजित की गई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि शास्त्री कॉलोनी निवासी गांधी हिंदुजा ने 21 फरवरी 2026 को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी सब्जी मंडी स्थित मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने 20 कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। चोरी गए अलग-अलग कंपनी ओप्पो, वीवो और रियलमी ब्रांड के थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू करने के साथ ही अज्ञात चोरों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठन किया गया। वारदात स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें तीन संदिग्ध युवक नजर आए। तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से पता चला कि संदिग्ध कटनी रेलवे स्टेशन से सतना जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे। इसके बाद पुलिस की टीमें मैहर, सतना और रीवा के लिए रवाना की गईं। जांच में सामने आया कि आरोपी सतना से भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेन में बैठ गए थे। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को सिहोरा बाईपास स्थित महाराज ढाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी महाराष्ट्र के नागपुर जिले के हिंगना निवासी बाला उर्फ अक्षय (26), इंदौर के खजराना क्षेत्र निवासी सद्दाम उर्फ निसार (21) और भोपाल के खजुरी कला निवासी ताहिर (23) हैं। पूछताछ में आरोपियों ने मोबाइल दुकान से मोबाइल चोरी करना स्वीकार कर लिया है। आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, खिरहनी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई किशोर द्विवेदी, एसआई कुलदीप सिंह, एएसआई रमेश शरण मिश्रा, विजय शंकर गिरी, प्रधान आरक्षक रामपाल बागरी, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, आरक्षक विवेक मिश्रा, प्रवीश सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मंडलोई, दिनेश सेन, अजीत सिंह, अजय साकेत, चंदन, अमित, रोहित की भूमिका रही।

जीप और पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत, 8 घायल

कटनी-रीठी मार्ग पर हुआ हादसा, दोनों चालक गंभीर

नवभारत, कटनी। जिले के कटनी-रीठी मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर एक मार्शल और पिकअप वाहन में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों सहित 8 लोगो सहित घायल हो गए हैं। वाहन चालकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रीठी से कटनी की ओर आ रही मार्शल जीप की सामने से आ रहे एक पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के बाद मार्शल में सवार कुछ लोग अंदर फंस गए थे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज किया जरहा है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों के चालकों को गंभीर चोट आई हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मार्शल में सवार दो अन्य यात्री भी घायल हुए हैं। हादसे के कारण क्षतिग्रस्त वाहन सड़क के बीचों-बीच फंस गए, जिससे कटनी-रीठी मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन मंगवाया और उसकी सहायता से वाहनों को सड़क गस हटाया गया। जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर में

कांग्रेस सेवादल के युवा अध्यक्ष नियुक्त किए गए आदित्य जैन

नवभारत, कटनी। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह , जिला प्रभारी वीरेंद्र दुवेदी की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी भार्गव की सहमति के बाद प्रदेश सेवादल युवा अध्यक्ष गजानन तिवारी ने कटनी सेवादल का युवा अध्यक्ष पद के आदित्य जैन का नाम दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय भेजा था। जहां पर आदित्य जैन के नाम पर मोहर लगाई और आदित्य जैन को युवा अध्यक्ष नियुक्ति किया। आदित्य की नियुक्ति से युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुक्ति के बाद आदित्य जैन ने कहा युवा सेवादल मे युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

स्कूल में छात्र की मौत के मामले में प्राचार्य निलंबित

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां में जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से घटित हुई दुर्घटना के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने शाला प्रभारी और माध्यमिक शिक्षक श्रीमती राधा पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसी मामले में अभी कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने संविदा उपयंत्री को कार्य से विरत किया था। घटना के संबंध में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा शाला प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके बाद द्वारा लिखित प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया। स्कूल भवन की सुरक्षा में लापरवाही पर प्रभारी प्राचार्य को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है।

रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार

स्टेशन पहुंचकर भाजपा नेताओं ने किया ट्रेन का शुभारंभ

नवभारत, कटनी। केंद्र सरकार द्वारा रेलवे क्षेत्र में लगातार विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपाल-धनबाद, चोपन एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन मंगलवार से प्रारंभ हो गया। नई ट्रेन सेवा से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और झारखंड के बीच आवागमन को सुदृढ़ कनेक्टिविटी मिलेगी। यह रेलगाड़ी भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन से शाम सात बजे रवाना होकर रात डेढ़ बजे कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन पर यात्रियों, ट्रेन स्टाफ का पुष्पमालाओं, मुंह मीठा कराकर उत्साह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने उपस्थित यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ट्रेन सेवा क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके लगातार प्रयासों से कटनी को रेलवे के क्षेत्र में नई-नई सौगातें मिल रही हैं।

वन्यप्राणी की सुरक्षा और मुखबिर तंत्र पर हुई चर्चा

बखलेहटा में चरवाहों और वन समिति सदस्यों का सम्मेलन

नवभारत, कटनी। नवभारत, रीठी। वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार के निर्देशन में और एसडीओपी सुरेश बरोले के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रीठी के प्रशंसकरण केंद्र बखलेहटा में चरवाहों, समिति सदस्यों का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल और परिक्षेत्र सहायक सलैया महंत सिंह परिहार द्वारा वन्य प्राणी की सुरक्षा, चराई, अग्नि सुरक्षा, अतिक्रमण और मुखबिर तंत्र पर चर्चा की गई। साथ ही फसल हानि, एकलव्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई। आयोजन में लालपुरा, बखलेहटा सहित अन्य गांव के चरवाहनों औरवन समिति के सदस्यों की उपस्थित रही।

24 घंटे में दें जानकारी, नहीं तो रोका जाएगा वेतन

जनपद पंचायत सीईओ ने दी अंतिम चेतावनी

नवभारत, ढीमरखेड़ा। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी समय-सीमा में उपलब्ध नहीं कराए जाने के मामले में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुर्वेन्द्र कोरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम पंचायत सचिव शंकर लाल साहू को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। प्रकरण के अनुसार ग्राम मुरवारी निवासी आवेदक राजेंद्र प्रसाद पाठक ने 19 जनवरी 2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर जून 2022 से वर्तमान तिथि तक आयोजित ग्राम सभाओं की कार्रवाई पुस्तिका, पारित प्रस्तावों, उनसे संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की थी। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित सचिव को आवश्यक कार्रवाई कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके निर्धारित समयावधि में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। जिस पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम चेतावनी पत्र में कहा गया है कि संबंधित सचिव को कई बार दूरभाष के माध्यम से भी निर्देशित किया गया, लेकिन न तो कार्यालय में और न ही आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराई गई। पत्र में इस आचरण वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना बताया गया है। सीईओ ने अंतिम अवसर देते हुए 24 घंटे के अंदर मांगी गई सभी जानकारी की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए कहा है। निर्धारित समयसीमा में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो संबंधित सचिव का वेतन रोके जाने की कार्रवाई की जाएगी।

एक करोड़ 27 लाख की नल-जल योजना ठप, गहराने लगा जल संकट

ग्रामीणों ने खाली डिब्बों के साथ किया पंचायत भवन का घेराव

नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पटोरी में पेयजल संकट ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। लगभग 1 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। स्थिति यह है कि ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पहले ही हालात बिगड़ चुके हैं, जिससे आने वाले महीनों में संकट और गहराने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार 1100 की आबादी वाले इस गांव में नल-जल योजना स्वीकृत हुई थी। पाइपलाइन बिछाई गई और पानी की टंकी भी बनाई गई, लेकिन आज अधिकांश घरों के नलों में पानी नहीं पहुंच रहा। आरोप है कि पूरे गांव से कनेक्शन के नाम पर आधार कार्ड की प्रतियां ली गईं और प्रत्येक परिवार से 500 रुपए की राशि वसूली गई, जबकि पाइपलाइन सिर्फ आधे गांव में ही डाली गई। गांव के गेंदालाल चौधरी ने बताया कि मानसून के दौरान ठेकेदार को मनमाने तरीके से एनओसी दे दी गई, लेकिन अब बोरवेल ठप पड़े हैं। राजाराम पटेल का आरोप है कि जब पंचायत सचिव और रोजगार सहायक से शिकायत की गई तो जवाब मिला जहां शिकायत करना है कर दो। इस तरह के बयान से कथित उदासीनता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जलसंकट से त्रस्त महिलाएं खाली डिब्बे और बर्तन लेकर पंचायत भवन पहुंचीं और घेराव किया। सरपंच प्रतिनिधि गोकुल जलसा बाई पटेल से घंटों तीखी बहस हुई। पंचायत सचिव दालचंद झारिया ने स्वीकार किया कि पानी की मांग जायज है, लेकिन क्षेत्र में जलस्तर 400 से 600 फीट नीचे चले जाने के कारण बोरवेल से पानी नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर नए बोरवेल उत्खनन कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर अनिल चमुलके ने बताया कि परियोजना ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दी गई है। पेयजल आपूर्ति में आने वाली समस्या का निराकरण पंचायत स्तर पर ही कराया जाना होगा। विभाग सिर्फ तकनीकी मार्गदर्शन दे सकता है।

रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर नोटिस

नवभारत, कटनी। जिले की स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी महेंद्र मिश्रा के द्वारा किसान से नक्शा बटांकन और सीमांकन के बदले अवैध तरीके से पैसे की मांग करने का वीडियो वायरल होने पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पटवारी महेंद्र मिश्रा धरवारा निवासी किसान बारेलाल से नक्शा बटांकन और सीमांकन कार्य के बदले पैसों की मांग करते और राशि प्राप्त करते दिखाई दे रहे हैं। तहसीलदार स्लीमनाबाद द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पाया गया कि लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्राप्त एक आवेदन के निराकरण के एवज में यह अवैध मांग की गई थी। जिस पर नोटिस जारी किया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत घुनौर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/ दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत घुनौर, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमती शिवानी सिंह बघेल — सचिव श्री विशम्भर सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत गोहावल जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/ दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत गोहावल, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री राजकुमार कोल — सचिव श्री शिवकांत पाठक

कार्यालय ग्राम पंचायत डोकरिया जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/ दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत डोकरिया, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री दशरथ कोल — सचिव श्री अवधेश पुरी गोस्वामी

कार्यालय ग्राम पंचायत तिमुआ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/ दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत तिमुआ, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री तीरथ पटेल — सचिव श्री रज्जन चौधरी

कार्यालय ग्राम पंचायत इटवा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/ दिनांक :-

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत इटवा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यो के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमती प्रेम बाई बर्मन — सचिव श्री संपत सिंह

बजट भाजपा कार्यालय में पन्ना जिले के विधायक और पूर्व मंत्री ने दी बजट के संबंध में जानकारी

समृद्ध, संपन्न, सुखद और विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करेगा बजट

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में, उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत यह बजट समृद्ध, संपन्न, सुखद और विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी दस्तावेज है। जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने बजट का स्वागत करते हुए इसे सर्वसमाज के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवा उन्नति पर केंद्रित बताया। विधायक ने बताया कि इस वर्ष का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग साढ़े चार प्रतिशत अधिक प्रावधान के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदेश का पहला रोलिंग बजट है, जो आगामी तीन वर्षों के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करता है। बजट को डिजिटल, पारदर्शी और जनता-केंद्रित बताया गया है। विशेष बात यह है कि लगातार तीसरी बार कोई नया कर नहीं बढ़ाया गया है, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। किसानों के लिए 25,000 करोड़ रुपए के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक लाख सोलर पंप वितरण की योजना से किसानों को बिना अतिरिक्त बिजली लागत के सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। किसान कल्याण योजना के लिए 5500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसमें फसल बीमा, ब्याज-मुक्त ऋण, अन्य सहायता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त फसल बीमा योजना के लिए 1,299 करोड़ रुपए का अलग से प्रावधान रखा गया है। विधायक ने कहा कि बजट युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने वाला है। महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए समर्पित योजनाओं में लाड़ली बहना जैसी योजनाओं को मजबूती दी गई है। स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक निवेश प्रस्तावित है। बजट में 200 नए संदीपनी स्कूल खोलने का प्रावधान किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। मेडिकल कॉलेजों में कैंसर और हृदय रोगों के सुपर स्पेशियलिटी विभाग स्थापित किए जाएंगे, जिससे गंभीर रोगों के उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण, महिला श्रमिकों की सुरक्षा के लिए भी पर्याप्त बजट रखा गया है।

KAMAKHYA REAL ESTATE

हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...

आवासीय मकान और प्लाट, वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां, औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)

प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें

पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट

व्यवसाय के लिए दुकान

आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन

पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें

AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453

E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेट्ट) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024